मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 28/09/2021

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति- 488/2021

28 सितंबर 2021

झारखंड मंत्रालय,रांची

==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में आज रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने रांची के मोरहाबादी में अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग रिंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किए जाने हेतु राज्य सरकार की ओर से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री

के समक्ष कहा कि झारखंड में खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि तय समय सीमा के अंदर रांची के मोराबादी में अंतर्राष्ट्रीय स्केटिंग रिंग का निर्माण कार्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को अपनी शुभकामनाएं दीं।

मौके पर राज्य के खेल मंत्री श्री हफीजुल हसन अंसारी, रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के अध्यक्ष श्री विकास सिंह, सचिव श्री सुमित शर्मा एवं कोषाध्यक्ष श्री जय प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

###

======================

#Team PRD(CMO)